# अग्रवाल महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों द्वारा पौधारोपण सप्ताह का शुभारंभ

By **Poonam Sagar** - July 24, 2023



**बल्लभगढ़ (नेशनल प्रहरी/ रघुबीर सिंह)।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा आज 24 जुलाई 2023 को पौधारोपण सप्ताह का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत के कुशल दिशा निर्देशन एवं संरक्षण में किया गया। स्वयंसेवकों ने आज महाविद्यालय में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों द्वारा 24 जुलाई से 29 जुलाई तक पौधरोपण सप्ताह और प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया जाएगा जिसकी शुरुआत आज हुई। डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी ने कहा कि एनएसएस का लक्ष्य गीत ही इस ध्येय को लेकर चलता है कि स्वयं सजें, वसुंधरा सँवार दें, समर्थ बाल वृद्ध और नारियां रहे सदा, हरे भरे वनों की शाल ओढ़ती रहे धरा ! इसी से निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि वृक्षों का मानव जीवन में और पर्यावरण में संतुलन स्थापित करने में कितना बड़ा योगदान है। प्राचार्य जी ने आगे कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए समाज के सभी वर्ग के लोग अपने घर, गांवों, पंचायतों में पौधरोपण करें और आज इसी क्रम में महाविद्यालय में एनएसएस इकाइयों द्वारा पौधरोपण सप्ताह का आयोजन किया गया है जिसके अंतर्गत स्वयंसेवकों को पौधे भी वितरित किए जाएंगे। प्राचार्य डॉ कृष्णकांत ने पर्यावरण संरक्षण के इस नेक काम के लिए स्वयंसेवकों की प्रशंसा की और राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों कार्यक्रम अधिकारी डा० शोभना गोयल, डा० सुप्रिया ढांडा और डॉ० सीमा मलिक को शुभकामनाएं दी।